भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 227

सोमवार, 20 जुलाई, 2026/29 आषाढ़, 1948 (शक)

एनसीएस पोर्टल का उन्नयन और उसका प्रभाव

1227. श्री विनोद लखमशी चावड़ा:
श्रीमती स्मिता उदय वाघ:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री धवल लक्ष्मणभाई पटेल:
डॉ. भोला सिंह:
श्री काली चरण सिंह:
श्री सुरेश कुमार कश्यप:
श्री बिभु प्रसाद तराई:
श्री दिलेश्वर कामैत:
डॉ. निशिकान्त दुबे:
श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:
श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:
श्री नव चरण माझी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल को अधिक उपभोक्ता-अनुकूल, सुलभ और प्रभावशाली बनाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दूसरे डिजिटल फ़ीचर शामिल किए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है

(ख) अभी कितने मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) काम कर रहे हैं और एनसीएस पोर्टल के प्रयोग को बढ़ावा देने में उनकी क्या भूमिका है, और एमसीसी में पंजीकृत नौकरी चाहने वालों, नियोक्ताओं और देश में उपलब्ध रोज़गार के अवसरों का विशेषकर शिमला और जलगाँव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्यवार/संघ राज्यवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का रोज़गार के अवसर बढ़ाने और देश में रोज़गार, कौशलीकरण और करियर मार्गदर्शन सेवा को एक साथ लाने वाले सिंगल-विंडो डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को लागू करने का विचार है और यदि हाँ, तो शुरू करने के लिए कोई विशेष कार्य-योजना राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार, विशेषकर शिमला लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी समय-सीमा क्या है;

(घ) क्या एनसीएस पोर्टल एआई-क्षमतायुक्त कौशल आकलन, जॉब मैचिंग एल्गोरिदम और भविष्य की कौशल आवश्यकताओं का अनुमान लगाने की सुविधा दे रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या एनसीएस पोर्टल जॉब मैचिंग और रोज़गार के परिणामों को बेहतर बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मेटाडेटा और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रयोग करता है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस को क्लाउड-आधारित, ओपन आर्किटेक्चर में अपग्रेड किया गया है जिससे कौशल प्रदाता, अन्य निजी पोर्टल, स्टार्ट-अप, एड-टेक, एचआर-टेक कंपनियों, स्थानीय उद्यमों आदि एनसीएस पोर्टल के ओपन एपीआई, ओपन मानकों और इंटरऑपरेबल प्रोटोकॉल का उपयोग करके अपने स्वयं के अनुप्रयोग, सेवाएं और समाधान विकसित कर सकते हैं।

एनसीएस परियोजना में अन्य बातों के साथ-साथ राज्यों/संस्थाओं के सहयोग से करियर संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए आदर्श करियर केन्द्र (एमसीसी) स्थापित करने की भी परिकल्पना की गई है। अब तक सरकार ने पूरे देश में 407 आदर्श करियर केंद्रों को मंजूरी दी है। राजस्थान राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आदर्श करियर केंद्रों की संख्या का विवरण https://www.ncs.gov.in/User_Manuals/List_of_Model_Career_Centers.pdf पर देखा जा सकता है।

देश भर में पंजीकृत रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं तथा एनसीएस पोर्टल (एमसीसी के माध्यम से सहित) पर जुटाई गई रिक्तियों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार विवरण https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx पर देखा जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, एनसीएस पोर्टल एआई-सक्षम विशेषताएं जैसे इंटेलिजेंट रोजगार मिलान, एआई कौशल अंतर विश्लेषण, व्यक्तिगत रोजगार अनुशंसाएं, एआई साक्षात्कार कोच, भाषिणी के माध्यम से बहुभाषी समर्थन आदि प्रदान करता है।

*****